अमर उजाला 07/10/2025

# विद्यार्थियों को रोजगार और उद्यमिता के अवसरों की दी जानकारी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय करनाल के सहयोग से चल रहे साप्ताहिक कौशल विकास कार्यक्रम के दूसरे दिन वक्ताओं ने विद्यार्थियों को डिजिटल युग में रोजगार और उद्यमिता के नए अवसरों के बारे में जानकारी दी। सत्र में डिजिटल मार्केटिंग पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन कमलप्रीत कौर ने किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को कहा कि आज का समय डिजिटल क्रांति का है। ऐसे में डिजिटल मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में कौशल प्राप्त करना न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाता है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाता है। वहीं, कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया। संवाद